	the folktales they had collected were expressions of a pure and authentic German spirit. (viii) Language played an important role in developing nationalist sentiments. Polish was used for Church gatherings and all religious instruction as weapon of resistance against Russian domination. (ix) Karol Kurpinski celebrated the national struggle through his operas and music, turning folk dances like the polonaise and mazurka into nationalist symbols. (x) Any other relevant point. **Any five points to be evaluated.** **OR** **(b) "The most serious source of nationalist tension in Europe after 1871 was the area called the Balkans." Evaluate the statement in the context of Slavic Movement.** (i) The Balkans was a region of geographical and ethnic variation comprising modern-day Romania, Bulgaria, Albania, Greece, Macedonia, Croatia, Bosnia-Herzegovina, Slovenia, Serbia and Montenegro whose inhabitants were broadly known as the Slavs. (ii) A large part of the Balkans was under the control of the Ottoman Empire. (iii) The spread of the ideas of romantic nationalism in the Balkans together with the disintegration of the Ottoman Empire made this region very explosive. (iv) One by one Ottoman Empire's European subject nationalities broke away from its control and declared independence. (v) The Balkan peoples based their claims for independence or political rights on nationality and used history to prove that they had once been independent but had subsequently been subjugated by foreign powers. (vi) The rebellious nationalities in the Balkans thought of their struggles as attempts to win back their long-lost independence	**26 H**	**5X1=5**

	(vii) .As the different Slavic nationalities struggled to define their identity and independence, the Balkan area became an area of intense conflict. (viii) The Balkan states were fiercely jealous of each other and each hoped to gain more territory at the expense of the others. (ix) Any other relevant point. **Any five points to be evaluated.**		
31	**(a) "Recent evidence suggests that the overuse of groundwater is becoming a serious threat in many parts of the country." Evaluate the statement in the context of sustainability of development.** (i) Sustainability refers to that kind of economic development that should take place without damaging the environment and development in the present should not compromise with the need of the future generations. (ii) Ground water is an example of renewable resources. These resources are replenished by nature. (iii) The over use ground water is becoming a serious threat in many parts of the country due to population growth and agricultural practices. (iv) Excessive use of ground water for irrigation can deplete ground water level. (v) A lack of effective policies and regulation can lead to unsustainable ground water use. (vi) About 300 districts have reported a water level decline of over 4 meters during the past 20 years. (vii) Nearly one third of the country is over using their ground water reserves. (viii) In another 25 years, 60 percent of the country would be doing the same if the present way of using this resource continues. (ix) Ground water overuse is particularly found in the agriculturly prosperous regions of Punjab and Western Uttar Pradesh etc. (x) Judicious use of water resources.	**14 E**	**5X1=5**

	(xi) Control over dumping of excessive and toxic waste on land to prevent pollution of ground water. (xii) Any other relevant point. **Any five points to be evaluated.** **OR** **(b) "The development goals of different categories of people may differ." Evaluate the statement.** (i) Each one of us seeks different things in our life. (ii) People seek things that are most important for them, which can fulfill their aspirations or desires. (iii) At times, two persons or group of persons may seek things which are conflicting. (iv) For example, a girl expects as much freedom and opportunities as her brother and that he also shares in the household work. (v) What may be the development for one may not be the development of others. (vi) For example, an industrialist may want more dams for electricity but for the people who are displaced might resent this. (vii) Any other relevant point. **Any five points to be evaluated.**	**4,5E**	**5X1=5**
32	**(a)"One distinct feature of democracy is that its scrutiny never ends." Explain the statement with appropriate arguments.** (i) As democracy passes one test, it produces another test. (ii) As people get some benefits of democracy they ask for more and want to make democracy better. (iii) In a democratic setup people always come up with more expectations. (iv) It could be considered as a testimony to the success of democracy. (v) It shows that people have developed awareness and the ability to expect and to look critically at power holders and the high and the mighty.	**72 P**	**5X1=5**

	(vi) A public expression of dissatisfaction with democracy shows the success of the democratic project. (vii) It transforms people from the status of a subject into that of a citizen. (viii) Any other relevant point. **Any five points to be explained.** **OR** **(b) "Democratic system is better than other systems." Explain the statement with appropriate arguments.** (i) It promotes equality among citizens. (ii) It enhances the dignity of the individual. (iii) It improves the quality of decision-making. (iv) It provides a method to resolve conflicts. (v) It allows room to correct mistakes. (vi) It is an accountable form of government. (vii) It is based on the idea of deliberation and negotiations. (viii) It is responsive form of government. (ix) It is a legitimate government. **(x)** It accommodates social diversity (xi) Any other relevant point. **Any five points to be explained.**	**64 P**	**5x1=5**
33	**(a) "Manufacturing industries are considered the backbone of the economic development of a country." Justify the statement.** (i) The economic strength of a country is measured by the development of manufacturing industries. (ii) Manufacturing industries help in modernizing agriculture. (iii) They provide jobs in the secondary and tertiary sectors. (iv) Industrial development is a pre-condition for eradication of unemployment and poverty. (v) Export of manufactured goods expands trade and commerce and brings much needed foreign exchange.	**58 G**	**5X1=5**

	(vi) Countries that transform their raw material into a wide variety of finished goods of higher values are prosperous. (vii) It also aimed at bringing down regional disparities by establishing industries in tribal and backward areas. (viii) Any other relevant point. **Any five points to be justified.** **OR** **(b) "Agriculture and industries complement each other." Justify the statement.** (i) Agriculture and industries are not exclusive of each other. They move hand in hand. (ii) For instance, Agro-industries in India have given a major boost to agriculture by raising its productivity. (iii) Industries depend on agriculture for raw material and provide their products, for example, irrigation pumps, fertilizers, insecticides, pesticides, plastic and PVC pipes, machines and tools etc to the agricultural sector. (iv) The development and competitiveness of manufacturing industries has not only assisted agriculturists in increasing their production but also made production process very efficient. (v) In the present day of globalization, our industries need to be more efficient and competitive. This will increase the productivity of the agriculture sector as well. (vi) Any other relevant point. **Any five points to be justified.**	**58,59 G**	**5X1=5**
	Section E **CASE/SOURCE- BASED QUESTIONS**		**3X4=12**
34	**Read the given source and answer the questions that follow:** **An Experiment in Brazil** **A city called Porto Alegre in Brazil has carried out an extraordinary experiment in combining decentralisation with participative democracy. The city has set up a parallel organisation operating alongside the**	**26 P**	


	municipal council, enabling local inhabitants to take real decisions for their city. The nearly 13 lakh people in this city get to participate in making the budget for their own city. The city is divided into many sectors or what we call wards. Each sector has a meeting, like that of the gram sabha, in which anyone living in that area can participate. There are some meetings to discuss issues that affect the entire city. Any citizen of the city can participate in those meetings. The budget of the city is discussed in these meetings. The proposals are put to the municipality that takes a final decision about it. **(34.1) Explain the meaning of 'participatory democracy'.** (i) Participatory democracy means participation or direct involvement in decision making process. **(34.2) In the context of separation of powers, the given example defines which type of government?** (i) Local Self Government. **(34.3) Describe the structure of the system in India which is almost similar to the above example of Brazil.** (i) Local Self Government- Panchayati Raj, Municipality and Municipal Corporation. (ii) All bodies of Local Self Government are elected by the people. (iii) Gram Sabha in the Gram Panchayat where people of that area participate directly. (iv) Any other relevant point. **Any two points to be described.**		**1** **1** **2**

35	**Read the source and answer the questions that follow:** **Loans from Cooperatives** **Besides banks, the other major source of cheap credit in rural areas are the cooperative societies (or cooperatives). Members of a cooperative pool their resources for cooperation in certain areas. There are several types of cooperatives possible such as farmers cooperatives, weavers cooperatives, industrial workers cooperatives, etc. Krishak Cooperative functions in a village not very far away from Sonpur. It has 2300 farmers as members. It accepts deposits from its members. With these deposits as collateral, the Cooperative has obtained a large loan from the bank. These funds are used to provide loans to members. Once these loans are repaid, another round of lending can take place.** **Krishak Cooperative provides loans for the purchase of agricultural implements, loans for cultivation and agricultural trade, fishery loans, loans for construction of houses and for a variety of other expenses.** **(35.1) Cooperative societies come under which source of credit?** (i) Formal sources of credit **(35.2) Mention any two sources of capital of cooperative societies.** (i) Deposits from the members of the cooperative (ii) With the deposit as collateral the co-opearatives obtain large loans from banks. (iii) Interest earned on loans given by Cooperatives. (iv) Any other relevant point. **Any two points to be mentioned.** **(35.3) Explain the role of cooperative societies in increasing the income of farmers.** (i) Co-operative societies provide loans on low interest rates which can be further used for increasing crop production. (ii) They also give interest on deposits. This promotes small saving habits for the farmers. (iii) Co-operatives provide loans for variety of expenses such as the purchase of agricultural implements fisheries loans etc. which further leads to increase the income of farmers. (iv) Any other relevant point. **Any two points to be explained**	**47 E**	**1** **½+½= 1** **2**

36	**Read the source and answer the questions that follow:** **Print and Censorship** **The power of the printed word is most often seen in the way governments seek to regulate and suppress print. The colonial government kept continuous track of all books and newspapers published in India and passed numerous laws to control the press.** **During the First World War, under the Defence of India Rules, 22 newspapers had to furnish securities. Of these, 18 shut down rather than comply with government orders. The Sedition Committee Report under Rowlatt in 1919 further strengthened controls that led to imposition of penalties on various newspapers. At the outbreak of the Second World War, the Defence of India Act was passed, allowing censoring of reports of war-related topics. All reports about the Quit India movement came under its purview. In August 1942, about 90 newspapers were suppressed.** **(36.1) Explain the meaning of 'censor'.** (i) Censor means tracking of all books and newspaper published. (ii) It means controlling the publication of books and newspapers that are critical of government policies. (iii)Any other relevant point. **Any one point to be explained.** **(36.2) Why did the colonial administration keep an eye on books and newspapers?** (i) Several books and newspapers were critical of the Britishers misrule and encouraged nationalist activities. (ii) Vernacular press was assertively nationalist. (iii)The colonial government kept an eye on books and newspapers because the government wanted to supress print and passed numerous laws to control the press. (iv)These books and newspapers created a sense of unity amongst Indians. (v) Any other relevant point. **Any one point to be explained.**	**127 H**	**1** **1**

	(36.3) Why did Gandhiji start a nationwide Satyagraha against the Rowlatt Act? Explain any two reasons. (i) The Rowlatt Act gave the government enormous powers to repress political activities. (ii) The act allowed the detention of political prisoners without trial for two years. (iii)Any other relevant point. **Any two point to be explained.**		**2**
	Section F **(Map Skill-Based Question)**		**(2+3=5)**
37	(a) Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of **India** (on page 27). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them. A. The place where the session of the Indian National Congress was held in 1920. **Nagpur** **B.** The place where Gandhiji started Dandi March. **Sabarmati** ***Note: The following questions are for the Visually Impaired Candidates only, in lieu of Q. No. 37 (a)*** **(a)(i) Name the place where the session of Indian National Congress was held in 1920.** **Nagpur/Kolkata (Calcutta)** **(i) Name the place where Gandhiji started Dandi March.** **Sabarmati** (b) On the same political outline map of **India**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols: (i) Leading state in production of Jute- **West Bengal** (ii) Atomic Power Plant located in Gujarat- **Kakrapara** (iii) Iron and Steel Plant located in Jharkhand-**Bokaro/Jamshedpur** (iv) Sri Guru Ram Das Jee International Airport-**Amritsar** **Note-For answers, see the attached map.** ***Note: The following questions are for the Visually Impaired Candidates only, in lieu of Q. No. 37 (b)*** (b)Attempt any **three** questions. (i) Name the leading state in production of Jute. **West Bengal**		**2x1=2** **2x1=2** **3x1=3** **3x1=3**

	(ii) Name the place where an Atomic Power Plant is located in Gujarat. **Kakrapara** (iii)Name the place where an iron and Steel Plant is located in Jharkhand. **Bokaro/ Jamshedpur** (iv)Name the place where Sri Guru Ram Das Jee International Airport is located. **Amritsar**		



	Marking Scheme **Strictly Confidential** **(For Internal and Restricted use only)** **Secondary School Examination February - 2025** **SUBJECT NAME: Social Science SUBJECT CODE 087 PAPER CODE 32/1/3**
	General Instructions: -
1.	You are aware that evaluation is the most important process in the actual and correct assessment of the candidates. A small mistake in evaluation may lead to serious problems which may affect the future of the candidates, education system and teaching profession. To avoid mistakes, it is requested that before starting evaluation, you must read and understand the spot evaluation guidelines carefully.
2.	**"Evaluation policy is a confidential policy as it is related to the confidentiality of the examinations conducted, Evaluation done and several other aspects. Its' leakage to public in any manner could lead to derailment of the examination system and affect the life and future of millions of candidates. Sharing this policy/document to anyone, publishing in any magazine and printing in News Paper/Website etc may invite action under various rules of the Board and IPC."**
3.	Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In Class-X, while evaluating two competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.**
4.	The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly.
5.	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6.	Evaluators will mark(√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓)while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7.	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.
8.	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.

9.	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10.	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11.	A full scale of marks _____80_____(example 0 to 80/70/60/50/40/30 marks as given in Question Paper) has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12.	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines).
13.	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. Wrong question wise totaling on the title page. ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14.	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks.
15.	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16.	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17.	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words.
18.	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

Marking Scheme
Class X -Social Science (087)
SET-32/1/3

SET -3 **MM-80**

प्रश्न सं.	मूल्य बिंदु	पृष्ठ सं .	अंक
	खंड क **(बहुविकल्पीय प्रश्न)**		**(20X1=20)**
1	(B) भारत	**13 E**	**1**
2	(A) केवल I, II और III सही हैं |	**48 P**	**1**
3	(D)स्पेन-संघात्मक	**14 P**	**1**
4	(C)संघात्मक	**4 P**	**1**
5	(A) a-iii, b-i, c-iv, d-ii	**45 G**	**1**
6	(B) वेनेशिया	**21 H**	**1**
7	(C) केवल I, III और IV सही हैं |	**57,58H**	**1**
8	(A) मार्को पोलो **नोट- सही विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण, इस प्रश्न का प्रयास करने वाले सभी छात्रों को 1 अंक दिया जाना चाहिए।**	**54 H**	**1**
9	(D) प्रिंट में तेज़ी और सटीकता में वृद्धि	**108 H**	**1**
10	(B) I, II, III	**15 G**	**1**
11	(B) राजस्थान	**15 G**	**1**
12	(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii	**24 G**	**1**
13	(B) महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश	**23 G**	**1**
14	(C) गेहूँ	**32 G**	**1**
15	(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है |	**42 G**	**1**
16	(A) कथन I और II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या है I	**62 E**	**1**
17	(C) दोनों, गरीब और कम संपत्ति वाले परिवार	**49 E**	**1**
18	(C) केवल I, II और IV सही हैं |	**49 E**	**1**
19	(D) तृतीयक नोट-निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है| (C) टोकरी बुनकर	**19 E** **21 E**	**1**
20	(A) प्राथमिक	**21 E**	**1**

	खंड ख **(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**		**(4X2=8)**
21	**लैंगिक असमानता को दूर करने के कोई दो उपाय सुझाइए |** **(i)** महिलाओं के बीच साक्षरता दर बढ़ाकर **(ii)** महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर **(iii)** लड़कियों की शिक्षा में निवेश करके **(iv)** रोजगार क्षेत्र में महिलाओं को कानूनी सुरक्षा प्रदान करके (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **कोई दो सुझाव अपेक्षित है |**	**33 P**	**2X1=2**
22	**काली मृदा की दो प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए |** (i) इन मृदाओं का रंग काला है और इन्हें रेगर मृदाएँ भी कहा जाता है | (ii) काली मृदा कपास की खेती के लिए उचित समझी जाती है और काली कपास मृदा के नाम से भी जाना जाता है | (iii) यह माना जाता है कि जलवायु और जनक शैलों ने काली मृदा के बनने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है | (iv) काली मृदा बहुत महीन कणों अर्थात मृत्तिका से बनी है | (v) इसकी नमी धारण करने की क्षमता बहुत होती है | (vi) ये मृदाएँ कैल्सियम कार्बोनेट, मैग्नीशियम, पोटाश और चूने जैसे पौष्टिक तत्वों से परिपूर्ण होती हैं | (vii) इनमें फोस्फोरस की मात्रा कम होती है | (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है|**	***7 G***	**2X1=2**
23	**(क) भारत में 'आधुनिक राष्ट्रवाद' के उदय में उपनिवेशवाद विरोधी आन्दोलन की भूमिका को स्पष्ट कीजिए |** (i) औपनिवेशिक शासकों के खिलाफ संघर्ष के दौरान लोग आपसी एकता को पहचानने लगे थे ।	**29 H**	**2X1=2**

	(ii) उपनिवेशवाद के अंतर्गत उत्पीड़न और दमन के साझा भाव ने विभिन्न समूहों को एक दुसरे से बाँध दिया था | (iii) हर वर्ग और समूह पर उपनिवेशवाद का असर एक जैसा नहीं था, उनके अनुभव भी अलग थे और स्वतंत्रता के मायने भी भिन्न थे | (iv) असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन आदि जैसे उपनिवेश विरोधी आंदोलनों ने भारत में आधुनिक राष्ट्रवाद के उदय में बड़ा योगदान दिया। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है |** **अथवा** (ख) **गांधीजी ने क्यों कहा कि 'सत्याग्रह तो शुद्ध आत्मबल है' ? दो तर्क देकर स्पष्ट कीजिए |** (i) सत्याग्रह तो शुद्ध आत्मबल है | सत्य ही आत्मा का आधार होता है इसलिए इस बल को सत्याग्रह का नाम दिया गया है | (ii) आत्मा ज्ञान से हमेशा लैस होती है | इसमें प्यार की लौ जलती है | अहिंसा सर्वोच्च धर्म है | (iii) महात्मा गांधी के अनुसार, सत्याग्रह शारीरिक बल नहीं है। (iv) सत्याग्रही अपने शत्रु को कष्ट नहीं पहुँचाता; वह अपने शत्रु का विनाश नहीं चाहता | सत्याग्रह के प्रयोग में दुर्भावना के लिए कोई स्थान नहीं होता | (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है |**	**31 H**	**2x1=2**
24	**परिवहन प्रौधोगिकी में हुई उन्नति ने किस प्रकार वैश्वीकरण प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया ? स्पष्ट कीजिए |**	**62E**	**2X1=2**

	(i) लंबी दूरी तक एवं वस्तुओं की तीव्रतर आपूर्ति को कम लागत पर संभव किया है। (ii) परिवहन प्रौद्योगिकी में उन्नति के कारण लोग बहुत कम समय में लंबी दूरी तय कर सकते हैं। (iii) इसने व्यापार (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय) को सुविधाजनक बनाया है। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है|**		
	खंड ग **(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**		**(5X3=15)**
25	**"राष्ट्रवाद का विचार भारतीय लोक-कथाओं को पुनर्जीवित करने के आन्दोलन से मजबूत हुआ |" राष्ट्रीय आन्दोलन के सन्दर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए |** (i) उन्नीसवीं सदी के आखिर में राष्ट्रवादियों ने भाटों व चारणों द्वारा गाई - सुनाई जाने वाली लोक कथाओं को दर्ज करना शुरू कर दिया। (ii) वे लोक गीतों व जनश्रुतियों को इकट्ठा करने के लिए गाँव-गाँव घूमने लगे। (iii) उनका मानना था कि यही कहानियाँ हमारी उस परंपरागत संस्कृति की सही तसवीर पेश करती हैं जो बाहरी ताक़तों के प्रभाव से भ्रष्ट और दूषित हो चुकी है। (iv) अपनी राष्ट्रीय पहचान को ढूंढने और अपने अतीत में गौरव का भाव पैदा करने के लिए इस लोक परंपरा को बचाकर रखना जरूरी था । (v) बगांल में खुद रबीन्द्रनाथ टैगोर भी लोक गाथा गीत, बाल गीत और मिथकों को इकट्ठा करने निकल पड़े। उन्होंने लोक परंपराओं को पुनर्जीवित करने वाले आंदोलन का नेतृत्व किया। (vi) मद्रास में नटेसा शास्त्री ने द फ़ोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया के नाम से तमिल लोक कथाओं का विशाल संकलन चार खंडों में प्रकाशित किया। (vii) उनका मानना था कि लोक कथाएँ राष्ट्रीय साहित्य होती हैं; यह 'लोगों के असली विचारों और विशिष्टताओं की सबसे विश्वसनीय अभिव्यक्ति' है। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है|**	**47H**	**3X1=3**

26	**रिंझा की कहानी को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :** **रिंझा की कहानी** रिंझा असम में डिफ़ु के बाहरी क्षेत्र में अपने परिवार के साथ एक छोटे गाँव में रहती है। वह अपने परिवार के सदस्यों द्वारा एक भूमि के टुकड़े पर उगी वनस्पति को काटकर व जलाकर साफ करते देख कर आनन्द का अनुभव करती है। वह प्राय: परिवार के सदस्यों के साथ बाँस के नाले द्वारा समीप के झरने से पानी लाकर अपने खेत को सिंचित करने में सहायता करती है । वह अपने परिस्थान से लगाव रखती है और जब तक संभव हो यहाँ रहना चाहती है । परन्तु इस छोटी बच्ची को अपने खेत में मिट्टी की घटती उर्वरता के बारे में कुछ भी पता नहीं है जिसके कारण उसके परिवार को अगले वर्ष नए भूमि के टुकड़े की तलाश करनी होगी। **रिंझा का परिवार किस प्रकार की खेती कर रहा है ? उसकी किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।** **कृषि का प्रकार**-प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि **प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि की विशेषताएँ:** (i) यह कृषि भूमि के छोटे टुकड़ों पर की जाती है। (ii) यह प्राथमिक उपकरणों जैसे लकड़ी के हल, डाओ और ख़ुदाई करने वाली छड़ी की मदद से की जाती है। (iii) यह परिवार या समुदाय श्रम की मदद से की जाती है। (iv) इस प्रकार की कृषि प्रायः मानसून, मृदा की प्राकृतिक उर्वरता और फसल उगाने के लिए अन्य पर्यावरणीय परिस्थितियों की उपयुक्तता पर निर्भर करती है। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है |**	**30,31** **G**	**1+2=3**
27	**"राजनीतिक सत्ता का बँटवारा नहीं किया जा सकता |" इस कथन के विरुद्ध उपयुक्त तर्कों का विश्लेषण कीजिए |** (i) सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र का सार है। (ii) लोकतंत्र का एक सिद्धांत है कि लोग सभी प्रकार की शक्तियों के स्रोत होते हैं | (iii) अविभाजित राजनीतिक शक्ति का अर्थ तानाशाही या सर्वसत्तावाद है जो लोकतंत्र के सिद्धांतों के विरुद्ध है। (iv) शक्ति का विभाजन या विकेंद्रीकरण जवाबदेही और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करता है। (v) विभाजित शक्तियाँ संतुलन और नियंत्रण सुनिश्चित करती हैं।	**8-9,65** **P**	**3X1=3**

	(vi) शक्ति का विभाजन शासन में पारदर्शिता लाता है | (vii) लोकतंत्र में लोग स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं के द्वारा स्वयं पर शासन करते हैं | (viii) शक्ति का विभाजन और साझेदारी मूल्यवान और वैध है। (ix) एक अच्छे लोकतंत्र में समाज के विविध समूहों के मतों को महत्त्व दिया जाता है | (x) सार्वजनिक नीतियों के निर्माण में सभी का मत लिया जाता है | (xi) विभाजित शक्ति निर्णय लेने की गुणवत्ता और व्यक्तियों की गरिमा को बढ़ाती है। (xii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है |**		
28	**(क) लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के महत्व की व्याख्या कीजिए ।** (i) राजनीतिक दल लोकतान्त्रिक व्यवस्था की संस्थाओं में अलग से दिखायी देते हैं। (ii) वे समाज के बुनियादी राजनीतिक विभाजन को दर्शाते हैं। (iii) राजनीतिक दल चुनावों में भाग लेते हैं। (iv) दल विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों को मतदाताओं के सामने रखते हैं और मतदाता अपनी पसंद की नीतियों और कार्यक्रमों को चुनते हैं। (v) दल देश के लिए कानून बनाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। (vi) दल सरकार बनाते और चलाते हैं। (vii) दल विभिन्न विचारों को व्यक्त करके और सरकार की गलत नीतियों की आलोचना करके विपक्ष की भूमिका निभाते हैं। (viii) दल जनमत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। (ix) दल लोगों को सरकारी मशीनरी और सरकार द्वारा चलाये जाने वाले कल्याण कार्यक्रमों तक लोगों की पहुंच बनाते हैं | (x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है |** **अथवा**	**48,49 P**	**3X1=3**
	(ख) भारत ने बहुदलीय व्यवस्था को क्यों अपनाया ? उचित तर्कों सहित व्याख्या कीजिए | (i) दलीय व्यवस्था का चुनाव करना किसी देश के हाथ में नहीं है | यह एक लम्बे दौर के काम काज के बाद खुद विकसित होती है | (ii) भारत ने अपनी सामाजिक विविधता के कारण बहुदलीय व्यवस्था अपनाई। (iii) भारत में विशाल भौगोलिक विविधता है। इसलिए, दो या तीन पार्टियाँ इतने बड़े देश में विविधताओं को समेट पाने में अक्षम है ।	**51 P**	**3X1=3**

	(iv) बहुदलीय व्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न हितों और विचारों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल पाता है। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**		
29	**भारत में सकल घरेलु उत्पाद (GDP) में तृतीयक क्षेत्रक के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।** (i) तृतीयक क्षेत्रक भारत में सबसे बड़े क्षेत्रक के रूप में उभरा है। (ii) इस क्षेत्रक के अंतर्गत अस्पताल, डाक घर, परिवहन, बैंक, बीमा इत्यादि सेवाएँ आती हैं। (iii) यह क्षेत्रक अनेक सेवाएँ उपलब्ध करवा कर अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है और सकल घरेलु उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देती है। (iv) प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रक के विकास से सेवाओं की मांग बढ़ती जा रही है। (v) जैसे-जैसे आय बढ़ती है, कई सेवाओं जैसे रेस्तरां, पर्यटन, शॉपिंग इत्यादि की मांग बढ़ती जा रही है। (vi) सूचना और संचार प्रौधोगिकी पर आधारित कुछ नई सेवाएँ महत्वपूर्ण एवं अपरिहार्य हो गयी हैं और इन सेवाओं की मांग बढ़ती जा रही है । यह भारत के सकल घरेलु उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देता है। (vii) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं का मूल्यांकन अपेक्षित है।**	**24 E**	**3X1=3**
	खंड घ **(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**		**(4X5=20)**
30	**(क) "उन्नीसवीं सदी में यूरोप में राष्ट्र के विचार के निर्माण में संस्कृति ने एक अहम् भूमिका निभाई।" रूमानीवाद के सन्दर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए।** (i) कला, काव्य, कहानियों-किस्सों और संगीत ने राष्ट्रवादी भावनाओं को व्यक्त करने में सहयोग दिया । (ii) रूमानीवाद एक ऐसा सांस्कृतिक आन्दोलन था जो एक खास तरह की राष्ट्रीय भावना का विकास करना चाहता था ।	**13 H**	**5X1=5**

	(iii) आमतौर पर रूमानी कलाकारों और कवियों ने तर्क-वितर्क और विज्ञान के महिमामंडन की आलोचना की और उसकी जगह भावनाओं, अंतर्दृष्टि और रहस्यवादी भावनाओं पर जोर दिया। (iv) उनका प्रयास था कि एक साझा - सामूहिक विरासत की अनुभूति और एक साझा सांस्कृतिक अतीत को राष्ट्र का आधार बनाया जाए। (v) जर्मन दार्शनिक योहान गॉटफ्रीड जैसे रूमानी चिंतकों ने दावा किया कि सच्ची जर्मनी संस्कृति उसके आम लोगों (das volk) में निहित थी । (vi) राष्ट्र (volkgeist) की सच्ची आत्मा लोकगीतों, जन- काव्य और लोकनृत्यों से प्रकट होती थी । (vii) इसलिए लोक संस्कृति के इन स्वरूपों को एकत्र और अंकित करना राष्ट्र के निर्माण की परियोजना के लिए आवश्यक था। ग्रीम बंधू फ्रेंच के वर्चस्व को जर्मन संस्कृति के लिए खतरा मानते थे और उनको विश्वास था कि उन्होंने जो लोक कथाएं इकट्ठी की हैं वे विशुद्ध और सच्ची जर्मन भावना की अभिव्यक्ति हैं । (viii) भाषा ने भी राष्ट्रीय भावनाओं के विकास में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। रूसी प्रभुत्व के विरोध में पोलैंड में लोगों ने राष्ट्रवादी विरोध के लिए भाषा को एक हथियार बनाया। चर्च के आयोजनों और संपूर्ण धार्मिक शिक्षा में पोलिश का इस्तेमाल हुआ। (ix) कैरोल कुर्पिंसकी ने राष्ट्रीय संघर्ष का अपने ऑपेरा और संगीत से गुणगान किया और पोलेनेस और माज़ुरका जैसे लोकनृत्यों को राष्ट्रीय प्रतीकों में बदल दिया। (x) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु । **किन्हीं पाँच बिन्दुओं का मूल्यांकन अपेक्षित है।** **अथवा** (ख) **"1871 के बाद यूरोप में गंभीर राष्ट्रवादी तनाव का स्रोत बाल्कन क्षेत्र था।" स्लाव आन्दोलन के सन्दर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए ।**	**26 H**	**5X1=5**

	(i) बाल्कन क्षेत्र में भौगोलिक और जातीय भिन्नता थी। इसमें आधुनिक रोमानिया, बुल्गेरिया, अल्बेनिया, यूनान मेसिडोनिया, क्रोएशिया, बोस्निया हर्ज़ेगोविना, स्लोवेनिया सर्बिया और मॉन्टिनिग्रो शामिल थे। क्षेत्र के निवासियों को आमतौर पर स्लाव पुकारा जाता था। (ii) बाल्कन क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा ऑटोमन साम्राज्य के नियंत्रण में था। (iii) बाल्कन क्षेत्र में रूमानी राष्ट्रवाद के विचारों के फैलने और ऑटोमन साम्राज्य के विघटन से स्थिति काफ़ी विस्फोटक हो गई। (iv) एक के बाद एक उसके अधीन यूरोपीय राष्ट्रीयताएँ उसके चंगुल से निकल कर स्वतंत्रता की घोषणा करने लगीं। (v) बाल्कन लोगों ने आज़ादी या राजनीतिक अधिकारों के अपने दावों को राष्ट्रीयता का आधार दिया। उन्होंने इतिहास का इस्तेमाल यह साबित करने के लिए किया कि वे कभी स्वतंत्र थे किंतु तत्पश्चात विदेशी शक्तियों ने उन्हें अधीन कर लिया। (vi) बाल्कन क्षेत्र के विद्रोही राष्ट्रीय समूहों ने अपने संघर्षो को लंबे समय से खोई आज़ादी को वापस पाने के प्रयासों के रूप में देखा । (vii) जैसे-जैसे विभिन्न स्लाव राष्ट्रीय समूहों ने अपनी पहचान और स्वतंत्रता की परिभाषा तय करने की कोशिश की, बाल्कन क्षेत्र गहरे टकराव का क्षेत्र बन गया। (viii) बाल्कन राज्य एक-दूसरे से भारी ईर्ष्या करते थे और हर एक राज्य अपने लिए ज़्यादा से ज्यादा इलाका हथियाने की उम्मीद रखता था। (ix) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं का मूल्यांकन अपेक्षित है।**		

31	**(क) "हाल के प्रमाण बताते हैं कि देश के कई भागों में भूमिगत जल का अति उपयोग एक गंभीर संकट बनता जा रहा है |" विकास की धारणीयता के सन्दर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए |** (i) धारणीयता का अर्थ है कि विकास पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए हो और वर्तमान विकास की प्रक्रिया भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकता की अवहेलना न करे | (ii) भूमिगत जल नवीकरणीय साधन का उदाहरण है	इसकी पुनः पूर्ति प्रकृति के द्वारा किया जाता है | (iii) देश के कई भागों में जनसंख्या वृद्धि और कृषि सम्बन्धी कार्यों के कारण भूमिगत जल के अति-उपयोग होने का गंभीर संकट है। (iv) सिंचाई के लिए भूजल का अत्यधिक उपयोग भूजल स्तर को कम कर सकता है। (v) प्रभावी नीतियों और नियमों की कमी से भूजल के अतिदोहन होने की संभावना है | (vi) 300 ज़िलों से सूचना मिली है कि वहाँ पिछले 20 सालों में पानी के स्तर में 4 मीटर से अधिक की गिरावट आयी है। (vii) देश का लगभग एक तिहाई भाग, भूमिगत जल भण्डारों का अति- उपयोग कर रहा है । (viii) यदि इस साधन के प्रयोग करने का वर्तमान तरीका जारी रहा तो अगले 25 वर्षों में देश का 60 प्रतिशत भाग इस साधन का अति उपयोग कर रहा होगा। (ix) भूमिगत जल का अति-उपयोग विशेष रूप से पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कृषि की दृष्टि से समृद्ध क्षेत्रों में पायी जाती है | (x) जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग। (xi) भूमि पर अत्यधिक और विषाक्त अपशिष्ट के डंपिंग पर नियंत्रण ताकि भूजल के प्रदूषण को रोका जा सके। (xii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं पांच बिन्दुओं का मूल्यांकन अपेक्षित है |**	**14E** **4,5E**	**5X1=5** **5X1=5**

	अथवा **(ख) "विभिन्न श्रेणी के लोगों के विकास के लक्ष्य भिन्न हो सकते हैं |" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए |** (i) हम में से प्रत्येक अपने जीवन में अलग-अलग चीजें पाना चाहता है। (ii) लोग ऐसी चीजें चाहते हैं जो उनके लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं अर्थात वे चीजें जो उनकी आकाँक्षाओं और इच्छाओं को पूरा कर सके | (iii) कभी-कभी, दो व्यक्ति या दो गुट ऐसी चीजें चाह सकते हैं जिनमें परस्पर विरोध हो सकता है | (iv) उदाहरण के लिए, एक लड़की अपने भाई के समकक्ष स्वतंत्रता और अवसर मिलने और भाई भी घर के काम काज में हाथ बंटाएगा, की आशा रखती है । (v) एक के लिए जो विकास है, वह दुसरे के लिए विकास ना हो । (vi) उदाहरण के लिए, अधिक बिजली पाने के लिए, उद्योगपति ज्यादा बांध चाहते हैं लेकिन जो विस्थापित हो जाएँ वे इसका विरोध कर सकते हैं । (vii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं पांच बिन्दुओं का मूल्यांकन अपेक्षित है |**		
32	(क) **"लोकतंत्र की एक खासियत है कि इसकी जाँच-परख कभी ख़त्म नहीं होती |" उपयुक्त तर्कों सहित कथन की व्याख्या कीजिए |** (i) जब लोकतंत्र एक जांच पर खरा उतरे तो अगली जांच आ जाती है | (ii) लोगों को जब लोकतंत्र से थोड़ा लाभ मिल जाता है, तो वे और लाभों की मांग करने लगते हैं और लोकतंत्र को बेहतर बनाना चाहते हैं। (iii) लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोग अपनी अन्य अपेक्षाओं का पुलिंदा खोल देते हैं। (iv) इसे लोकतंत्र की सफलता की गवाही माना जा सकता है। (v) इससे पता चलता है कि लोग सचेत हो गए हैं और वे सत्ता में बैठे लोगों के कामकाज का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने लगे हैं | (vi) लोकतंत्र के कामकाज से लोगों का असंतोष जताना लोकतंत्र की सफलता को बताता है। (vii) यह लोगों को प्रजा से नागरिक की स्थिति में बदल देता है। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है |**	**72 P**	**5X1=5**

	अथवा **(ख) "लोकतान्त्रिक व्यवस्था अन्य व्यवस्थाओं से बेहतर है।" उपयुक्त तर्कों सहित कथन की व्याख्या कीजिए।** (i) यह नागरिकों के बीच समानता को बढ़ावा देता है। (ii) यह व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है। (iii) यह निर्णय लेने की गुणवत्ता में सुधार करता है। (iv) यह टकरावों को सँभालने का एक तरीका देता है। (v) इसमें गलतियों को सुधारने की गुंजाइश होती है। (vi) यह एक जवाबदेह सरकार होती है। (vii) यह विचार-विमर्श और वार्ताओं के विचार पर आधारित होता है। (viii) यह एक जिम्मेवार सरकार होती है। (ix) यह एक वैध सरकार होती है। (x) यह सामाजिक विविधता में सामंजस्य करता है। (xi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**	**64 P**	**5x1=5**
33	**(क) "विनिर्माण उद्योग किसी देश के आर्थिक विकास की रीढ़ समझे जाते हैं।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए।** (i) किसी देश की आर्थिक उन्नति विनिर्माण उद्योगों के विकास से मापी जाती है। (ii) विनिर्माण उद्योग कृषि के आधुनिकीकरण में सहायक हैं। (iii) ये द्वितीयक व तृतीयक सेवाओं में रोजगार उपलब्ध करवाते हैं। (iv) देश में औद्योगिक विकास बेरोजगारी तथा गरीबी उन्मूलन की एक आवश्यक शर्त है। (v) निर्मित वस्तुओं का निर्यात वाणिज्य व्यापार को बढ़ाता है जिससे अपेक्षित विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है। (vi) वे देश ही विकसित हैं जो कच्चे माल को विभिन्न तथा अधिक मूल्यवान तैयार माल में विनिर्मित करते हैं। (vii) जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना का उद्देश्य भी क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। (viii) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु। **किन्हीं पांच बिन्दुओं के द्वारा न्यायसंगत ठहराना अपेक्षित है।**	**58 G**	**5X1=5**

	अथवा **(ख)"कृषि तथा उद्योग एक दुसरे के पूरक हैं|" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए |** (i) कृषि तथा उद्योग एक दूसरे से पृथक नहीं हैं ये एक दूसरे के पूरक हैं। (ii) उदाहरणार्थ, भारत में कृषि पर आधारित उद्योगों ने कृषि पैदावार बढ़ोतरी को प्रोत्साहित किया है। (iii) ये उद्योग कच्चे माल के लिए कृषि पर निर्भर हैं तथा इनके द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे सिंचाई के लिए पंप, उर्वरक, कीटनाशक दवाएँ, प्लास्टिक पाइप मशीनें व कृषि औजार आदि कृषि क्षेत्र को प्रदान की जाती है । (iv) विनिर्माण उद्योग के विकास तथा स्पर्धा से न केवल कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिला है, अपितु उत्पादन प्रक्रिया भी सक्षम हुई है। (v) आज वैश्वीकरण के युग में हमारे उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी तथा सक्षम होने की आवश्यकता है। इससे कृषि क्षेत्र की उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी | (vi) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु | **किन्हीं पांच बिन्दुओं के द्वारा न्यायसंगत ठहराना अपेक्षित है |**	**58,59G**	**5X1=5**
	खंड ड. **(केस/स्रोत-आधारित प्रश्न)**		**3X4=12**
34	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **ब्राज़ील का एक प्रयोग** **ब्राज़ील के शहर पोर्तो एलग्रे ने विकेंद्रीकरण और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी वाले लोकतंत्र के मेल का एक विलक्षण प्रयोग किया है। इस शहर के नगर परिषद के समांतर एक संगठन खड़ा किया गया और अपने शहर के बारे में वास्तविक फ़ैसले करने का अधिकार स्थानीय निवासियों को दिया गया है । इस शहर के करीब 13 लाख लोग अपने शहर का बजट तैयार करने में भागीदारी करते हैं। शहर को अनेक उप-क्षेत्रों में बाँटा गया है। लगभग वैसे ही जिन्हें हम वार्ड कहते हैं । हर उप-क्षेत्र की अपनी-अपनी बैठक होती है जिसका स्वरूप ग्राम सभा की तरह है और इसमें उस इलाक़े के सभी नागरिक भाग ले सकते हैं । फिर, कुछ बैठकें पूरे शहर को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर होती हैं और उसमें शहर का कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। इसमें शहर के बजट पर चर्चा होती है। इसके बाद इन प्रस्तावों को नगरपालिका के सामने पेश किया जाता है जो अंतिम फ़ैसला लेती है।**	**26 P**	

	(34.1) 'सहभागी लोकतंत्र' के अर्थ को स्पष्ट कीजिए । (i) भागीदारी लोकतंत्र का अर्थ है निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी या प्रत्यक्ष संलग्नता। **(34.2) शक्तियों के बँटवारे के संदर्भ में, दिया गया उदाहरण किस प्रकार की शासन प्रणाली को परिभाषित करता है?** (i) स्थानीय स्व-शासन **(34.3) ब्राज़ील के उपर्युक्त उदाहरण से लगभग मिलती-जुलती भारत की व्यवस्था के गठन का वर्णन कीजिए ।** (i) स्थानीय स्वशासन- पंचायती राज, नगरपालिका और नगर निगम। (ii) सभी स्थानीय स्वशासन निकाय का चुनाव लोगों के द्वारा चुना जाता है। (iii) ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में उस क्षेत्र के लोग सीधे भाग लेते हैं। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु | **किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है |**		**1** **1** **2**
35	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **सहकारी समितियों से ऋण** **बैंकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते ऋण का एक अन्य प्रमुख स्रोत सहकारी समितियाँ हैं । सहकारी समिति के सदस्य अपने संसाधनों को कुछ क्षेत्रों में सहयोग के लिए एकत्र करते हैं। कई प्रकार की सहकारी समितियाँ संभव है, जैसे – किसानों, बुनकरों एवं औद्योगिक मज़दूरों इत्यादि की सहकारी समितियाँ । कृषक सहकारी समिति सोनपुर के नज़दीक एक गाँव में काम करती है । इसके 2300 किसान सदस्य हैं । यह अपने सदस्यों से जमा प्राप्त करती है। इस जमा पूँजी को ऋणाधार मान हुए, इस सहकारी समिति ने बैंक से बड़ा ऋण प्राप्त किया है। इस पूँजी का इस्तेमाल सदस्यों को कर्ज़ देने के लिए किया जाता है। यह ऋण लौटाने के बाद कर्ज़ का दूसरा दौर शुरू किया जा सकता है।** **कृषक सहकारी समिति कृषि उपकरण खरीदने, खेती तथा कृषि व्यापार करने, मछली पकड़ने, घर बनाने और अन्य विभिन्न प्रकार के ख़र्चों के लिए ऋण मुहैया कराती है।** **(35.1) सहकारी समितियाँ ऋण के किस स्रोत के अंतर्गत आती हैं?** (i) ऋण का औपचारिक स्रोत **(35.2) सहकारी समितियों की पूँजी के किन्हीं दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए ।** (i) सहकारी समिति के सदस्यों से जमा	**47 E**	**1** **½+½= 1**

	(ii) जमा को ऋणाधार के रूप में लेकर सहकारी समितियाँ बैंकों से बड़ा ऋण प्राप्त करते हैं। (iii) सहकारी समितियों द्वारा दिए गए ऋण पर अर्जित ब्याज। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित है।** **(35.3) किसानों की आय वृद्धि में सहकारी समितियों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।** (i) सहकारी समितियाँ कम ब्याज दरों पर ऋण प्रदान करती हैं, जिसका उपयोग फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। (ii) वे जमा पर भी ब्याज देती हैं। यह किसानों के लिए छोटी बचत की आदतों को बढ़ावा देता है। (iii) सहकारी समितियाँ विभिन्न खर्चों के लिए ऋण प्रदान करती हैं जैसे कृषि उपकरणों की खरीद, मत्स्य ऋण आदि, जो किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होते हैं। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**		**2**
36	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **प्रिंट और प्रतिबंध** **मुद्रित शब्द की ताक़त का अंदाज़ा अकसर सरकार द्वारा उसको नियंत्रित करने की कोशिशों से मिलता है। भारत में औपनिवेशिक प्रशासन हमेशा तमाम किताबों और पत्र-पत्रिकाओं पर नज़र रखता था तथा प्रेस पर नियंत्रण रखने के लिए बहुत से कानून पारित करता था ।** **पहले विश्व युद्ध के दौरान, भारतीय रक्षा नियम के तहत, 22 अख़बारों को ज़मानत देनी पड़ी थी । इनमें से 18 ने सरकारी आदेश मानने की जगह खुद को बंद कर देना उचित समझा। रॉलट के अधीन कार्यरत षड्यंत्र समिति ने 1919 में विभिन्न अख़बारों के ख़िलाफ जुर्माना आदि कार्रवाइयों को और सख़्त बना दिया । द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत पर, भारतीय रक्षा अधिनियम पारित किया गया, युद्ध-संबंधी विषयों को सेंसर किया जा सके। भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़ी तमाम रपटें इसी के तहत सेंसर होती थीं। अगस्त 1942 में तक़रीबन 90 अख़बारों का दमन किया गया।** **(36.1) 'सेंसर' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।** (i) सेंसर का मतलब है सभी प्रकाशित पुस्तकों और समाचार पत्रों पर नज़र रखना ।	**127 H**	**1**

	(ii) इसका मतलब है सरकार की नीतियों की आलोचना करने वाली पुस्तकों और समाचार पत्रों के प्रकाशन को नियंत्रित करना। (iii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है |** **(36.2) औपनिवेशिक प्रशासन किताबों और पत्र-पत्रिकाओं पर क्यों नज़र रखता था?** (i) कई किताबें और समाचार पत्र अंग्रेजों के कुप्रशासन की आलोचना कर रहे थे और राष्ट्रीयता की गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रहे थे। (ii) देसी प्रेस राष्ट्रवाद का मुखर समर्थन कर रहे थे । (iii) औपनिवेशिक शासकों ने किताबों और समाचार पत्रों पर नज़र रखी क्योंकि सरकार प्रेस को दबाना चाहती थी और प्रेस को नियंत्रित करने के लिए कई कानून पास किए। (iv) इन पुस्तकों और समाचारपत्रों से भारतीयों के मध्य एकता की भावना विकसित हो रही थी | (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है |** **(36.3) गाँधीजी ने रॉलट एक्ट के विरुद्ध देशव्यापी सत्याग्रह क्यों शुरू किया? किन्हीं दो कारणों को स्पष्ट कीजिए।** (i) रॉलेट अधिनियम ने सरकार को राजनीतिक गतिविधियों को कुचलने के लिए अनेक शक्तियाँ दी थी । (ii) इस अधिनियम ने राजनीतिक कैदियों को बिना मुकदमे के दो साल तक जेल में रखने की अनुमति दी थी । (iii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है |**		**1** **2**

	खंड च **(मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न)**		**(2+3=5)**
37	(क) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर), में दो स्थानों को 'A'और 'B' के रूप में अंकित किया गया है	निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गयी रेखाओं पर लिखिए : A. वह स्थान जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था | **नागपुर** **B.** वह स्थान जहाँ से गाँधीजी ने दांडी मार्च की शुरुआत की थी | **साबरमती**		**2x1=2**
	नोट: *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 37 (क) के स्थान पर है |* (क)(i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था | **नागपुर/कोलकाता (कलकत्ता)** (ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ से गांधीजी ने दांडी मार्च की शुरुआत की थी | **साबरमती**		**2x1=2**
	(ख) भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और उसके नाम लिखिए : (i) जूट उत्पादन में अग्रणी राज्य-**पश्चिम बंगाल** (ii) गुजरात में स्थित परमाणु उर्जा संयंत्र-**काकरापारा** (iii) झारखण्ड में स्थित प्रमुख लौह इस्पात संयंत्र -**बोकारो/जमशेदपुर** (iv) श्री गुरु राम दास जी अंतराष्ट्रीय वायु पत्तन -**अमृतसर** **उत्तर के लिए कृपया सलंग्न मानचित्र देखें |**		**3x1=3**
	नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***37 (ख)*** *के स्थान पर है |* (ख) किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (i) जूट उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए | **पश्चिम बंगाल** (ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गुजरात में परमाणु उर्जा सयंत्र स्थित है | **काकरापारा** (iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ झारखण्ड में लौह-इस्पात संयंत्र स्थित है | **बोकारो/जमशेदपुर** (iv) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है | **अमृतसर**		**3x1=3**

#

प्रश्न सं. 37 के लिए 32/1/1,2,3 For question no. 37

